प्रश्नपत्र संख्या
25 12 1

हिंदी विकास मंच द्वारा आयोजित

# अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड

विद्यालय का नाम – .................................................................... राज्य ........................

प्रतियोगी का नाम – ................................................ ह० ........................ अनुक्रमांक: ........................

कुल समय : 1 घंटा | **कक्षा-बारहवीं** | कुल अंक: 100

**निर्देश:** 1) सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प चुनिए।
2) प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।
3) किसी प्रश्न का उत्तर न देने पर न तो अंक दिए जाएँगे न ही काटे जाएँगे।
4) एक से अधिक उत्तर देने पर या गलत उत्तर देने पर (–½) नकारात्मक अंक दिए जाएँगे।

**परीक्षा उपरांत प्रश्न पत्र एवं उत्तर पत्रिका कक्ष निरीक्षक को दें।**

**प्रश्न 1. निम्नलिखित में से लोकोक्ति चुनिए-**

(क) कमर कसना (ख) एक पंथ दो काज (ग) टांग अड़ाना

**प्रश्न 2. तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और मलयालम भाषाएँ किस भाषा परिवार से संबद्ध हैं?**

(क) भारतीय आर्य भाषा परिवार
(ख) द्रविड़ परिवार
(ग) आधुनिक भारतीय आर्य भाषा परिवार

**प्रश्न 3. भोजपुरी मूलतः किस प्रदेश की बोली है?**

(क) राजस्थान (ख) मध्य प्रदेश (ग) बिहार

**प्रश्न 4. 'नानी कुँआरी मर गई नवासे के नौ-नौ व्याह' लोकोक्ति का अर्थ है-**

(क) व्यर्थ शेखी बघारने वाला
(ख) एक आदमी अपराध करे और दूसरा दंड भुगते
(ग) दूसरों की संपत्ति से लाभ उठाने वाला

**प्रश्न 5. 'बालू से तेल निकालना' मुहावरे का अर्थ है-**

(क) शीघ्र नष्ट होने वाली वस्तु
(ख) बहुत साधन संपन्न होना
(ग) असंभव काम करना

**प्रश्न 6. 'कलेजा धक से रह जाना' - मुहावरे का सही अर्थ होगा-**

(क) झगड़ा होना (ख) डर जाना (ग) घबरा जाना

**प्रश्न 7. निम्नलिखित में से कौन-सा एक जन संचार का माध्यम नहीं है?**

(क) रेडियो (ख) समाचार पत्र (ग) मोबाइल पर निजी कॉल

**प्रश्न 8. रेडियो का माध्यम क्या है?**

(क) तरंगें (ख) ध्वनि (ग) शब्द

**प्रश्न 9. पीटीआई और यूएनआई इनमें से क्या है-**

(क) समाचार एजेंसी (ख) विज्ञापन एजेंसी (ग) पत्रिकाएँ

**प्रश्न 10. जनसंचार माध्यमों के लिए प्रयोग में आने वाली प्रौद्योगिकी निरंतर बदलती रहती है। निम्नलिखित में से कौन-सी प्रौद्योगिकी जनसंचार माध्यमों के लिए सबसे पुरानी है?**

(क) टेलीविजन (ख) अखबार (ग) इंटरनेट

**प्रश्न 11. विज्ञापन इनमें से कौन-सा कार्य नहीं करता-**

(क) प्रचार करना (ख) सूचनाएँ पहुँचाना (ग) भ्रम फैलाने

**प्रश्न 12. उच्चारण में लगने वाले समय के आधार पर स्वरों के कितने भेद हैं?**

(क) दो (ख) तीन (ग) चार

**प्रश्न 13. जब एक जैसे दो व्यंजन आपस में मिलते हैं, तो वे कहलाते हैं-**

(क) अल्प्राण (ख) महाप्राण (ग) व्यंजन दवित्व

**प्रश्न 14. निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द छाँटिए-**

(क) झनजनाना (ख) क्षितिज (ग) घनिष्ट

**प्रश्न 15. निकटतम ध्वनियों के मध्य होने वाले मेल को क्या कहते हैं?**

(क) वर्ण (ख) समास (ग) संधि

**प्रश्न 16. 'स्व+छंद' की संधि करने पर शब्द बनेगा-**

(क) सूछंद (ख) स्वच्छंद (ग) सुच्छंद

**प्रश्न 17. 'मनस्ताप' शब्द का संधि विग्रह है-**

(क) मन:+ताप (ख) मन+ताप (ग) मन+स्ताप

**प्रश्न 18. मक्षिका का तद्भव शब्द है-**

(क) मच्छर (ख) मोर (ग) मक्खी

**प्रश्न 19. 'लाठीचार्ज' किस प्रकार का शब्द है?**

(क) विदेशी एसबीडी (ख) संकर शब्द (ग) देशी शब्द

**प्रश्न 20. जो शब्द एक से अधिक शब्दों या शब्दांशों से बनते हैं, वे कहलाते हैं-**

(क) रूढ़ शब्द (ख) यौगिक शब्द (ग) योगरूढ़ शब्द

**प्रश्न 21. 'रिक्शा' किस भाषा का शब्द है?**

(क) फरेंच (ख) डच (ग) जापानी

**प्रश्न 22. कोष को खजाना कहते हैं और कोश कहलाता है-**

(क) वस्त्र का खंड (ख) शब्द भंडार (ग) वंश

**प्रश्न 23. निम्नलिखित में सुवास का पर्यायवाची नहीं है-**

(क) सौरभ (ख) सुरभि (ग) अर्क

**प्रश्न 24. पत्रकारिता का मुख्य उद्देश्य क्या है?**

(क) व्यापार (ख) सूचना देना (ग) मनोरंजन

**प्रश्न 25. पत्रकारिता का चौथा स्तंभ किसे कहा जाता है?**

(क) न्यायपालिका (ख) विधायिका (ग) मीडिया

**प्रश्न 26. 'जिसे जाना न जा सके' वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा-**

(क) अज्ञेय (ख) अज्ञानी (ग) अजेय

**प्रश्न 27. 'उद्‌गम' का विलोम क्या है?**

(क) प्रवाह (ख) समाप्ति (ग) आश्रय

**प्रश्न 28. निम्नलिखित में से कौन-सा समुच्चयबोधक शब्द नहीं है?**

(क) और (ख) तथा (ग) किंतु

**प्रश्न 29. 'या' शब्द का प्रयोग किस प्रकार की परिस्थिति में होता है?**

(क) विरोध दर्शाने हेतु (ख) विकल्प प्रस्तुत करने हेतु (ग) कारण बताने हेतु

**प्रश्न 30. 'वाह!' का प्रयोग सामान्यतः किसके लिए होता है?**

(क) आश्चर्य (ख) भय (ग) प्रशंसा

**प्रश्न 31. 'नुक्ता' का प्रयोग मुख्यतः किस प्रकार के शब्दों में होता है?**

(क) अरबी-फ़ारसी शब्दों में (ख) देशज शब्दों में (ग) तद्‌भव शब्दों में

**प्रश्न 32. जैसा राजा वैसी प्रजा'-इस वाक्य में 'जैसा' और 'वैसा' क्या हैं?**

(क) कारणबोधक (ख) विकल्पबोधक (ग) संबंधबोधक

**प्रश्न 33. ग्रामगत में कौन-सा समास है?**

(क) कर्म तत्पुरुष (ख) संबंध तत्पुरुष (ग) अधिकरण तत्पुरुष

**प्रश्न 34. 'नयन सरोज में बसी राधा' - इस पंक्ति में कौन-सा रस है?**

(क) हास्य रस (ख) श्रृंगार रस (ग) वीर रस

**प्रश्न 35. काव्य में रस की अनुभूति कराने वाला तत्व क्या कहलाता है?**

(क) भावक (ख) विभाव (ग) अलंकार

**प्रश्न 36. साखी किस छंद में अधिकतर लिखी जाती है?**

(क) रोला (ख) दोहा (ग) सवैया

**प्रश्न 37. 'वह फूल-सा मुस्कराया।' इस पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?**

(क) उत्प्रेक्षा (ख) रूपक (ग) उपमा

**प्रश्न 38. उपमा अलंकार में किन दो तत्वों का प्रयोग अनिवार्य होता है?**

(क) उदाहरण और उपमा (ख) उपमेय और उपमान (ग) रस और छंद

**प्रश्न 39. उपसर्ग किस में जुड़कर नया अर्थ उत्पन्न करते हैं?**

(क) वाक्य में (ख) क्रिया में (ग) मूल शब्द में

**प्रश्न 40. प्रत्यय का कार्य होता है-**

(क) शब्द को तोड़ना

(ख) शब्द के अंत में जुड़कर नया शब्द बनाना

(ग) शब्द का लिंग बदलना

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

सब सुखी हों, सब स्वस्थ हों, सबका कल्याण हो, किसी को कोई भी दु:ख न हो। ऐसी पुनीत भावनाएँ भारतवर्ष में सदैव प्रवाहित होती रही हैं। वास्तव में दया और परोपकार के समान न कोई दूसरा धर्म है और न पुण्य। मानव का उद्देश्य और मानव-जीवन की सार्थकता इसी में है कि वह दूसरों पर दया करे, उनका कल्याण करे। उसका कर्तव्य है कि वह स्वयं भी उठे और दूसरों को भी उठाए। दीनों की करुणा भरी पुकार और असहाय की याचनापूर्ण करुणा दृष्टि से उसका हृदय द्रवीभूत हो जाए। यदि विद्या है तो वाद-विवाद न करें, विद्या को अशिक्षितों में वितरित करें। तभी वे सच्चे मनुष्य कहलाने के अधिकारी हो सकेंगे। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम दूसरों के आँसुओं का आदर करना सीखें, दीन और असहायों की करुण पुकार सुनकर उनके दु:ख दूर करें। सैकड़ों भूखे लोगों को अन्न देना, तन ढकने के लिए वस्त्र देना, भूख से तड़पते हुए और सर्दी से ठिठुरते हुए बालकों को संरक्षण देना, ऐसे बच्चे जो अनाथ हैं, उन्हें गोद में उठाना, अपने पापी पेट के लिए नारी का सम्मान नीलाम न हो इसके लिए चौकस रहना, रोगी को औषधि देना, अशिक्षितों के लिए शिक्षा की व्यवस्था करना, प्यासे को पानी पिलाना,

अंधे को मार्ग दिखाना, भयभीत की रक्षा करना आदि कार्य दया के रूप ही हैं। सबको जीने का समान अधिकार है। ईश्वर ने सबको एक-सा बनाया है। शक्तिशाली का कर्तव्य निर्बलों की सहायता करना है न कि उनको सताना। हमारे पौराणिक इतिहास में भी दयालु व्यक्तियों को ही महापुरुष माना गया है। राजा शिवि को देखिए बाज के आक्रमण से भयभीत कबूतर को उन्होंने अपनी गोद में बिठा लिया। बाज वहाँ भी आ पहुँचा और उनके सामने दो शर्ते रखीं। पहली, आप मेरे शिकार को वापस कर दीजिए, दूसरी, नहीं तो उसके बराबर मुझे अपना माँस दे दीजिए। तब शिवि ने तराजू में कबूतर के बराबर अपने शरीर का माँस दे दिया। धर्म का दूसरा रूप दया ही है। भारतवर्ष में चिरकाल से दया की भावना प्रवाहित होती चली आ रही है। यदि समाज से दया की भावना का लोप हो जाएगा तो मानवता रसातल में चली जाएगी।

**प्रश्न 41. आँसुओं के बारे में क्या कहा गया है?**

(क) दूसरों के आँसुओं की परवाह नहीं करनी चाहिए।

(ख) दूसरों के आँसुओं का आदर करना चाहिए

(ग) दूसरों के आँसुओं को बहने देना चाहिए

**प्रश्न 42. किसके समान कोई और धर्म नहीं है?**

(क) दया और हिंसा (ख) परोपकार और हिंसा (ग) दया और परोपकार

**प्रश्न 43. राजा शिवि ने कबूतर की रक्षा के लिए अपने शरीर का माँस क्यों दे दिया था?**

(क) क्योंकि वे धर्मपरायण व्यक्ति थे।

(ख) क्योंकि वे परोपकारी थे।

(ग) क्योंकि वे हिंसावादी थे।

**प्रश्न 44. संसार में दया की भावना न होने पर क्या होगा?**

(क) लोग परोपकारी हो जाएँगे

(ख) लोग अहिंसावादी हो जाएँगे।

(ग) मानवता का अंत हो जाएगा

**प्रश्न 45. निम्नलिखित कथन व कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए तत्पश्चात् दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प छाँट कर उत्तर दीजिए।**

कथन (A) : पुनीत भावनाएँ भारतवर्ष में सदैव प्रवाहित होती रही हैं

कारण (R) : सबको जीने का समान अधिकार

(क) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) गलत है।

(ख) कथन (A) सही नहीं है, लेकिन कारण (R) सही है

(ग) कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) उसकी व्याख्या नहीं करता।

**निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

मनमोहिनी प्रकृति की जो गोद में बसा है,
सुख स्वर्ग-सा जहाँ है, वह देश कौन-सा है?
जिसके चरण निरन्तर रत्नेश धो रहा है,
जिसका मुकुट हिमालय, वह देश कौन-सा है?
नदियाँ जहाँ सुधा की धारा बहा रही हैं,
सींचा हुआ सलोना, वह देश कौन-सा है?
जिसके बड़े रसीले, फल, कंद, नाज, मेवे,
सब अंग में सजे हैं, वह देश कौन-सा है?
जिसमे सुगंध वाले, सुंदर प्रसून प्यारे,
दिन-रात हँस रहे हैं, वह देश कौन-सा है?
मैदान, गिरि, वनों में हरियालियाँ लहकती,
आनंदमय जहाँ है, वह देश कौन-सा है?
जिसकी अनंत धन से, धरती भरी पड़ी है,
संसार का शिरोमणि, वह देश कौन-सा है?

**प्रश्न 46. 'जिसका मुकुट हिमालय' - इस पंक्ति का क्या अर्थ है?**

(क) हिमालय भारत की शोभा और गौरव का प्रतीक है

(ख) हिमालय भारत का रक्षक है

(ग) हिमालय पहाड़ों का राजा है

**प्रश्न 47. कवि किस देश की प्राकृतिक सुंदरता का वर्णन कर रहा है?**

(क) नेपाल (ख) श्रीलंका (ग) भारत

**प्रश्न 48. 'नदियाँ जहाँ सुधा की धारा बहा रही हैं' - इस पंक्ति में 'सुधा' शब्द का क्या अर्थ है?**

(क) पानी अमृत (ख) अमृत (ग) चाय

**प्रश्न 49. कवि ने देश को किससे सींचा हुआ 'सलोना' कहा है?**

(क) नदियों से (ख) फूलों से (ग) धन से

**प्रश्न 50. इस पद्यांश में कौन-सी विशेषता भारत की नहीं बताई गई है?**

(क) प्राकृतिक सुंदरता (ख) हिमालय की उपस्थिति (ग) समुद्र का विस्तार